एकादश वार्षिक दीक्षान्त समारोह
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
प्रेस विज्ञप्ति

मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद का एकादश वार्षिक दीक्षान्त समारोह दिनांक 28 मार्च 2015 को संस्थान के बहुउद्देशीय समागार में आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्म भूषण डॉ० वी. के. सारस्वत, सदस्य नीति आयोग, भारत सरकार होंगे। समारोह की अध्यक्षता श्री विजय कुमार थडानी, सह–संस्थापक, एन० आई० आई० टी०, करेंगे, जो अभी हाल में ही प्रशासकीय परिषद् में सभाध्यक्ष के रूप में सम्मिलित हुए हैं। संस्थान के निदेशक एवं विद्या परिषद् के संयोजक प्रो० पी० चकबर्ती, गतवर्ष उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सम्बन्धित उपाधियाँ प्रदान करेंगे। सम्मानित विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में 792 बी० टेक०, 377 एम० टेक०, 05 एम० एस० सी०, 09 एम० एस० डब्लू०, 79 एम० सी० ए०, 80 एम० बी० ए० छात्रों तथा 98 पी० एच० डी०, शोध छात्रों को उपाधियाँ प्रदान की जायेगी। मेधावी छात्रों को अपने–अपने विभागों मे उनके श्रेष्ठतम् प्रदर्शन के लिये पदक प्रदान किये जायेंगे। कुल मिलाकर 46 संस्थान स्वर्ण पदकों में, 10 स्वर्ण पदक स्नातक छात्रों को, 33 पदक स्नातकोत्तर छात्रों को प्रदान किये जायेंगे। 19 स्वर्ण पदक भूतपूर्व छात्रों, शिक्षकों तथा भूतपूर्व शिक्षकों के परिवारों द्वारा प्रायोजित है तथा 02 पदक टी० सी० एस० भेंट करेगी।

यह शैक्षिक समारोह न सिर्फ छात्रों के लिये बल्कि भारत एवं विदेशों के समस्त शैक्षिक संसर्ग के लिये भी एक महान उपलक्ष्य है। संस्थान ने विगत 54 वर्षों में तकनीकी शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में अपनी एक विशिष्ट छवि स्थापित की है। वर्ल्ड बैंक द्वारा निधिबद्ध भारत सरकार की परियोजना टीक्यूप I एवं टीक्यूप II द्वारा यह एक प्रमुख संस्थान के रूप में मान्यता प्राप्त है।

शैक्षिक वर्ष 2013–14 के दौरान संस्थान के निदेशक प्रोफेसर पी० चकबर्ती के कुशल नेतृत्व में विभिन्न शैक्षिक एवं प्रशासकीय सुधार हुए जिनमें संस्थान के ढांचागत विकास को प्रमुखता दी गयी ताकि शिक्षा का स्तर अभूतपूर्व ऊँचाइयों को छू सके।

संस्थान में उन्नत शिक्षा एवं शोध की सुविधायें प्रदान की गयी हैं जैसे विभिन्न विषयों में सतत् शोध को प्रोत्साहित करने के लिये अंतर्विषयक अनुसंधान केन्द्र, नये उत्पादों एवं तकनीकों के विकास में प्रगतिशील विचारों को बढावा देने के लिये नवाचार प्रोत्साहन केन्द्र तथा कड़े नैतिक विनियमन और अच्छी प्रयोगशाला प्रथाओं के तहत अग्रिम निदान सुविधाएं प्रदान करने हेतु चिकित्सा निदान एवं अनुसंधान केन्द्र की स्थापना की गयी हैं।

प्रो० चकबर्ती के मार्गदर्शन में हितधारकों के लाभ हेतु एक लोक शिकायत पोर्टल ई–सहयोग को स्थापित किया गया है।

छात्र संस्थान में उनके शैक्षिक कार्यकाल के दौरान अच्छी तरह से आगे बढ़े हैं और ख्यातिप्राप्त संगठनों में उच्च पदों पर देश–विदेश में प्रतिष्ठित भी हुए हैं।